दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

सत्यजय टाईम्स

SJT

वर्ष-11, अंक-335 सोमवार 05 दिसम्बर, 2022, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

# अग्रवाल कॉलेज में तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ



अग्रवाल कालेज में चल रही तीरअंदाजी प्रतियोगिता में हिस्सा ले प्रतिभागी।
छायाः सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।

**बल्लभगढ़, 04 दिसम्बर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक की अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में तीन दिवसीय अन्तर्महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता के प्रथम दिन इंडियन राउंड के छात्र वर्ग में अग्रवाल कॉलेज के सौरव ने प्रथम, साहिल ने द्वितीय तथा सचिन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में निशा (एस. एच. एस., भिवानी) ने प्रथम, भूमिका (गवर्मेंट कॉलेज, बल्लबगढ़) ने द्वितीय स्थान तथा पूनम (वी. एम. एम. कॉलेज, रोहतक) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय से सम्बंधित 15 महाविद्यालय के खिलाडियों ने इंडियन राउंड ने भाग लिया।

प्रतियोगिता के दूसरे दिन रिकर्व राउंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रिकर्व राउंड के छात्र वर्ग में राजकीय महाविद्यालय दुजाना के राहुल ने प्रथम, अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ के विक्की हुड्डा ने द्वितीय तथा अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ के सागर शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सैनी महाविद्यालय रोहतक की निधि ने प्रथम, महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय रोहतक की निकिता ने द्वितीय स्थान तथा महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय रोहतक की हेमलता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी ने विजेता खिलाडियों को बधाई दी और जिन खिलाडियों को हार का सामना करना पडा उन्हें थक कर ना बैठने की सलाह देते हुए और प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। खिलाडियों को उत्साहित करने में महाविद्यालय के डी. पी. नन्द किशोर, डॉ. जगवीर सिंह, मोहित हुड्डा व तीरंदाजी कोच लवकेश उपस्थित रहे।